### कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सफाई, जल आपूर्ति ढंग से नहीं तो निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचिन्ह

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

सफाई तथा जलापूर्ति नगर निगम का मूल कार्य है। इसमें कोई कमी रहती है अथवा उचित ढंग से कार्य संपादित नहीं होता है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। शहर में सफाई कार्य में सुधार आया है परंतु जलापूर्ति में अभी भी कमी है इसको सुधारा जाए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा सभी अधिकारी उपस्थित थे।

इसी प्रकार कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि उनके रहने का लाभ जिले के किसानों को मिले, वह कार्य कर रहे हैं



यह दिखाई भी दे। जल जीवन मिशन की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि मिशन में पूर्ण की गई नल जल योजना का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है।

कलेक्टर द्वारा सत्यापन रिपोर्ट ईई पीएचई को पहुंचाकर उनके कमेंट्स प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। एक जिला एक उत्पाद शासन की प्रायोरिटी की योजना है। योजना समीक्षा में कलेक्टर द्वारा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकों में लगे प्रकरण शीघ्र स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए। योजना में पांच प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं, एक स्वीकृत हुआ है 15 अगस्त तक स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान योजना की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड निर्माण में ढिलाई बरतने पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के कार्य के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया। एसडीएम सैलाना से भी पूछा कि वे आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करती है अथवा नहीं। दिए गए उत्तर से असंतोष प्रकट करते हुए कलेक्टर द्वारा अनुविभाग में शेष रहे 13 जार कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम आलोट को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 5 गांव पर एक कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया। रतलाम शहर में प्रतिदिन एक हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण के निर्देश एसडीएम तथा निगमायुक्त को दिए। डेंगू की बीमारी के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन रखते हुए वितरण आरंभ करने के निर्देश आयुष विभाग को भी दिए गए। बताया गया की वितरण आरंभ कर दिया गया है। जावरा में विगत दिनों पकड़ी गई अवैध शराब फैक्ट्री के दृष्टिगत जावरा एसडीएम को शीघ्र रिपोर्ट भेजने को कहा गया जिसमें आबकारी अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करना है।

सिंघम - 10

सिंघम टाइम्स 10/8/21

# मप्र में रात्रिकालीन कर्फ्यू 20 अगस्त तक

## आदेश जारी, पाबंदियां पहले की तरह ही रहेंगी

भोपाल ● 10 अगस्त ( वा ) मध्यप्रदेश में रात्रिकालीन कर्फ्यू 20 अगस्त तक जारी रहेगा। मंगलवार को गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए। इसके चलते पाबंदियां पहले की तरह ही लागू रहेगी। भोपाल समेत प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में रात 11 से सुबह 6 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू जारी रहेगा। सिनेमाघर, जिम और धार्मिक स्थलों में लोगों की संख्या सीमित ही रहेगी। सरकार ने 31 जुलाई को रात्रिकालीन कर्फ्यू समेत अन्य प्रतिबंध 10 अगस्त तक जारी रखने के आदेश दिए थे। अब 20 अगस्त तक प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी गई है। इस संबंध में मंगलवार को गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने यह आदेश जारी कर दिए। ग्रामीण क्षेत्रों से नाइट कर्फ्यू समेत अन्य प्रतिबंध पहले ही हटा दिए गए हैं।

❑ ***तीसरी लहर की आशंका के चलते बढ़ाया प्रतिबंध***- *तीसरी लहर की आशंका के चलते पहले भी दो बार प्रतिबंध बढ़ाए जा चुके हैं। बता दें कि 14 जुलाई को सरकार ने नाइट कर्फ्यू में थोड़ी ढिलाई दी थी। वहीं सिनेमाघर, जिम, धार्मिक स्थल आदि को लेकर गाइड लाइन जारी की थी। इनमें लोगों की संख्या सीमित रखी गई थी। पहले 19 जुलाई, 31 जुलाई एवं 10 अगस्त तक उक्त प्रतिबंध जारी रखे गए थे। अब फिर से 10 दिन के लिए अवधि बढ़ा दी गई है।*

स्वदेश

स्वदेश 11/8/21

## अब नाइट कर्फ्यू 20 तक बढ़ाया

भोपाल@ पत्रिका. राज्य सरकार ने कोरोना की पाबंदियों को दस दिन और बढ़ा दिया है। इसके तहत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नाइट कर्फ्यू भी 20 अगस्त तक बढ़ गया है। दरअसल, राज्य सरकार ने पूर्व में कोरोना के तहत लगाई गई बंदिशों को 10 अगस्त तक बरकरार रखने के आदेश दिए थे। अनलॉक फेस-4 के तहत इन पाबंदियों की सीमा बढ़ाई गई थी। अब मौजूदा गाइडलाइन को ही 20 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

पत्रिका


पत्रिका 11/8/21

# बारह रिपोर्ट में डेंगू के तीन नए मरीज आठ साल का बालक भी पाजिटिव

## सरकारी दफ्तरों सहित अन्य स्थानों पर बांटी होम्योपैथी दवा

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल की लैब से एलायजा टेस्ट की बारह रिपोर्ट में तीन नए डेंगू के मरीज मिले, जिसमें ईश्वर नगर का एक आठ साल का बालक भी है। एक मरीज फिर पीएनटी कालोनी में मिला और एक उज्जैन जिले के खाचरौद का है।

तीन नए मरीजों के साथ जिले में इस साल मिले डेंगू मरीजों की संख्या 99 पहुंच गई है। रोकथाम व बचाव के लिए मंगलवार को बीस टीमों ने शहर के 994 घरों का सर्वे किया और होम्योपैथी दवा की 3150 डोज का वितरण किया। सर्वे के दौरान तेरह घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया और आठ सामान्य बुखार के मरीज भी सामने



आए, जिनका उपचार चालू हो गया है। सरकारी कार्यालयों में सर्वे टीम ने जाकर होम्योपैथी दवा का वितरण किया। दस से अधिक संदिग्ध मरीज हैं, जिनमें किट जांच से डेंगू की पुष्टि हुई है। दोनों तरह की रिपोर्ट में मिले मामले की संख्या 131 हो गई है।

मलेरिया विभाग की एंटी लार्वा टीम फागिंग और लार्वा नष्ट कराने के

**बीमारी**

- बीस टीमों ने किया शहर के 994 घरों का सर्वे
- डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 99 पर पहुंची

अभियान में लगी है। शहर में नगर निगम के साथ मलेरिया विभाग फागिंग करा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि मंगलवार को जो मरीज मिल रहे हैं उन्हें उपचार दिया जा रहा है। बारिश का पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं। मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे रोगों के फैलने का मुख्य कारण मच्छरों का बढ़ना है। वाहक जनित रोगों से बचाव के लिए अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा ना होने दें।

नईदुनिया 11/8/21

# डेंगू के तीन नए पॉजिटिव : 13 घरों में नष्ट किया लार्वा, सामान्य बुखार के 8 मरीज भी मिले



**रतलाम |** मंगलवार को डेंगू के तीन नए पॉजिटिव मिले हैं। अब तक कुल 110 पॉजिटिव मिल चुके हैं।

शहर में रोज दो या तीन डेंगू के केस मिल रहे हैं। मंगलवार को 12 लोगों की जांच की गई, इसमें से तीन की रिपोर्ट पॉजिटिव रही। मरीज पीएंडटी कॉलोनी, ईश्वर नगर और खाचरौद के रहने वाले हैं। वहीं शहर में घर-घर सर्वे भी हो रहा है। इस दौरान 13 घरों में लार्वा मिला। 8 लोगों ने बुखार होने की बात कही, हालांकि किट से उनकी जांच की गई तो वे निगेटिव निकले हैं।

**डेंगू से बचाव की दवा भी पिला रहे :** मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम 994 घरों में पहुंची। इधर, डेंगू से बचाव की दवा भी पिला रहे हैं।

दै. भास्कर 11/8/21

**कोरोना संक्रमित व्यक्ति मिलने पर फिर से एक्टिव हुआ स्वास्थ्य विभाग का अमला**

# संकट टला नहीं: पांच दिन बाद रतलाम में फिर कोरोना पॉजिटिव केस आया सामने

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कोरोना संक्रमण से मुक्त हो चुके रतलाम में पांच दिन बाद फिर से एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लगातार की जा रही सैंपलिंग के दौरान उक्त व्यक्ति की जांच होने पर वह पॉज़िटिव पाया गया जिसके बाद संबंधित व्यक्ति को क्वारंटाइन सेंटर पर रखा गया है और परिवार के सभी सदस्यों की भी जांच की गई है जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

जिले में फिर से कोरोना का मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुछ अन्य लोगों की भी जांच की है। पॉजिटिव पाए व्यक्ति के संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटाकर स्वास्थ्य का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल जो व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया है, वह पूरी तरह से स्वस्थ है। एसिंप्टोमेटिक होने पर भी उसे परिवार से दूर रखा गया जिससे कि कोई और व्यक्ति उसके संपर्क में आकर संक्रमित ना हो।

## 600 से अधिक मरीजों की रिपोर्ट आना शेष

स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शहर सहित बाहर से आने जाने वाले लोगों को शहर की सीमा पर रोक कर उनके रेंडम तरीके से सैंपल लिए जा रहे हैं जिससे यह पता चल सके कि कोई व्यक्ति संक्रमित तो नहीं है। वर्तमान में 600 से अधिक लोगों की जांच रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज की लैब से आना शेष है। दरअसल हर दिन बड़ी संख्या में लोगों के सैंपल कलेक्ट किए जा रहे हैं।

### सीरो सर्वे के लिए नहीं कोई गाइडलाइन

कोरना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका के चलते इंदौर में वर्तमान में सीरो सर्वे शुरू किया गया है जिसके माध्यम से बच्चों में कोई के लक्षण है या नहीं और उनकी इम्यूनिटी का पता लगाया जा रहा है लेकिन रतलाम में अब तक इस संबंध में कोई दिशा निर्देश नहीं आए हैं जबकि संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान सबसे अधिक प्रभावित जिलों में रतलाम शामिल था। हालांकि यहां पर तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयारियां जोरों पर है।

पत्रिका 11/8/21

# बिना अनुमति कॉलोनी बनाने पर होगी तीन साल की सजा, अवैध कॉलोनी और निर्माण होंगे नियमित

**भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)।** प्रदेश में बनी अवैध कॉलोनी और निर्माण के नियमितीकरण का रास्ता अब साफ हो गया है। विधानसभा में मंगलवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने नगर पालिका विधि (संशोधन) विधेयक प्रस्तुत किया, जो बिना चर्चा पारित हो गया। इसमें सरकार ने तय सीमा से तीस फीसद अधिक आवास निर्माण को शुल्क लेकर नियमित करने का प्रविधान किया है। वहीं, अवैध कॉलोनियों को नियमित करके वहां विकास कार्य कराए जाएंगे। बिना अनुमति कॉलोनी बनाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसमें कम से कम तीन साल का कारावास और 10 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। जिस अधिकारी के क्षेत्र में अवैध कॉलोनी बनेंगी, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में अवैध कॉलोनी और निर्माण को नियमित करने का मामला काफी समय से चला आ रहा है। इसको लेकर पहले भी नियम बनाए गए थे और कॉलोनियों को नियमित भी किया गया था पर न्यायालय ने इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसके मद्देनजर सरकार ने अधिनियम में संशोधन करके प्रविधान किए हैं। नईदुनिया

नईदुनिया 11/8/21

आय बढ़ाने के लिए प्रशासक ने दिए निर्देश

# कलेक्टर के निर्देश: नगर निगम अपनी प्रॉपर्टी की करेगा नीलामी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. नगर निगम अपनी वर्षों पूर्व की प्रॉपर्टी को नीलाम करेगा। इसके लिए निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए हैं।

पिछले लंबे समय से शहर के अलग अलग क्षेत्र में नगर निगम बने हुए फ्लैट व दुकाने विभिन्न कारणों से बनने के बाद भी वैसी ही पड़ी हैं। इनकी तकनीकी विवाद के चलते नीलामी नहीं हो पाई। कलेक्टर कुमार ने शहर में निगम की ऐसी संपत्तियों की विस्तृत जानकारी मंगावाकर उन संपत्तियों का निराकरण करने की प्रक्रिया शुरू करवा दी हैं। जिसके चलते सबसे पहले महू रोड पर बस स्टैंड क्षेत्र स्थित कॉम्पलेक्स की दुकानों, जमीन, नित्यानंद मार्केट की दुकानों की नीलामी होगी। पत्रिका

निगम सूत्रों के अनुसार 50 करोड़ से अधिक रुपयों की इन संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया की तैयारी नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शुरू कर दी है। इसके लिए जल्दी ही महू रोड बस स्टैंड मार्केट व नित्यानंद मार्केट की दुकानों के टेंडर बुलाये जाएंगे। बता दे की नित्यानंद मार्केट में करीब 7 दुकाने ऐसी हैं जो अब तक रिक्त है व उन पर अन्य का कब्जा था जो निगम ने खाली करवा लिया है। अब इन दुकानों को नीलाम किया जाएगा। नीलामी की प्रकिया इसी सप्ताह शुरू करने की योजना पर निगम का राजस्व विभाग काम कर रहा है। हालाकि लंबे समय से सिविक सेंटर में फ्लैट्स व दुकानें खाली पड़ी है व इसके लिए अब निर्णय का इंतजार है।

## तीन तरह से होगा लाभ

निगम की जो प्रॉपर्टी रिक्त है उनकी नीलामी होने से तीन तरह से लाभ होगा। शहर वासियों को नगर निगम की दुकानें मिलेगी। इससे व्यवसाय करने में आसानी होगी। इसके अलावा निगम को आय होगी जिससे शहर में अन्य संसाधन जुटाए जा सकेंगे। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 11/8/21

# अपना समग्र आईडी और आधार कार्ड लेकर आयुष्मान कार्ड आज ही बनवाएं

रतलाम। आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत कार्डधारी परिवार के सदस्यों को एक वर्ष में पाँच लाख रूपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया जाता है। कार्डधारी परिवार के सदस्य चिन्हित निजी और शासकीय अस्पतालों में उपस्थित होकर कार्ड दिखाकर निःशुल्क उपचार प्राप्त कर सकते हैं। सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सामाजिक आर्थिक जातीय सर्वेक्षण 2011 के आधार पर श्रेणी 1 से 7 (डी 6 श्रेणी को छोड़कर) परिवार के सदस्य, संबल योजना के पात्र हितग्राही, खाद्यान्न पर्चीधारक परिवार के सदस्यों को पात्रता की श्रेणी में शामिल किया गया है। सभी पात्र हितग्रहियों को निःशुल्क कार्ड प्रदान करने के लिए आपके द्वार आयुष्मान कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्तरीय शिविर आयोजित कर कार्ड बनाए जा रहे हैं। हितग्राही अपना समग्र आईडी और आधार कार्ड नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर के पास ले जाकर पात्र होने की दशा में कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

योजना में रतलाम जिले में कुल 9 लाख 46 हजार 738 लोग योजनांतर्गत पात्र है, अब तक कुल 5 लाख 60 हजार 976 गोल्डन कार्ड बनाकर प्रदान किए जा चुके हैं। इस प्रकार जिले में 59 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है। जिला चिकित्सालय रतलाम को योजना में 1 हजार 70 प्रकरण के लिए अब तक 2 करोड 64 लाख 75 हजार 80 रूपए की क्लेम राशि का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। सिविल अस्पताल जावरा को 826 प्रकरण में 34 लाख 93 हजार 920 रूपये के क्लेम राशि का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत रतलाम जिले के दो अस्पतालों आरोग्यम अस्पताल और जीडी अस्पताल को निर्धारित पैकेज अनुसार चिन्हित बीमारियों के उपचार हेतु मान्यता प्राप्त है। योजना के अंतर्गत कार्डधारी परिवार के सदस्यों को बीमार होने की दशा में किसी भी प्रकार का रेफरल कराना आवश्यक नहीं है। कार्डधारी परिवार के सदस्य को सीधे 14555 नंबर पर संपर्क करने पर चिन्हित अस्पताल की जानकारी मिल जाती है और मरीज सीधे अपना निःशुल्क उपचार करवा सकते हैं। वर्तमान में सभी कॉमन सर्विस सेंटर पर आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाए जा रहे हैं। सीएमएचओ ने अनुरोध किया है कि आयुष्मान कार्डधारी लोग अपने परिवार के अन्य सदस्यों का भी आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

राजएक्सप्रेस 11/8/21

## समग्र आईडी और आधार कार्ड लेकर बनवा सकते हैं आप आयुष्मान कार्ड

रतलाम | समग्र आईडी और आधार कार्ड लेकर आप आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए ग्राम स्तर पर भी शिविर जारी हैं।

सदस्य चिन्हित निजी और शासकीय अस्पतालों में कार्ड दिखाकर फ्री उपचार ले सकते हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया सदस्य, संबल योजना के पात्र हितग्राही, खाद्यान्न पर्चीधारक परिवार के सदस्यों को पात्रता की श्रेणी में शामिल किया गया है। हितग्राही समग्र आईडी और आधार कार्ड नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर के पास ले जाकर पात्र होने की दशा में कार्ड ले सकते हैं। टोल फ्री नंबर 14555 या 18002332085 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

दै. भास्कर 11/8/21

# आयुष्मान कार्ड में लापरवाही से कलेक्टर नाराज

रतलाम, नप्र। नगर निगम का मूल काम सफाई तथा जलापूर्ति है। इसमें यदि कोई कमी रहती है या फिर सही ढंग से काम संपादित नहीं होता है तो नगर निगम के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर सवालिया निशान लगता है। शहर में सफाई के काम में सुधार आया है लेकिन जलापूर्ति में अभी भी कमी है इसको सुधारा जाए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को ये निर्देश समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी को निर्देशित किया कि उनके रहने का लाभ जिले के किसानों को मिले। वह काम कर रहे हैं यह दिखाई भी दे। जल जीवन मिशन की समीक्षा में सीईओ जिला पंचायत ने मिशन में पूरी की गई नल जल योजना का भौतिक सत्यापन करना बताया, जिस पर कलेक्टर ने सत्यापन रिपोर्ट ईई पीएचई को पहुंचाकर उनके कमेंट्स प्राप्त करने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड निर्माण में ढिलाई बरतने पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के काम पर नाराजगी जताई। एसडीएम सैलाना से भी पूछा कि वे आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करती है अथवा नहीं। उनके उत्तर पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने अनुविभाग में शेष रहे 13 हजार कार्ड जल्द बनाने के निर्देश दिए। एसडीएम आलोट को आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 5 गांव पर एक कैंप लगाने के लिए कहा। रतलाम शहर में रोजाना एक हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण के निर्देश एसडीएम तथा निगमायुक्त को दिए।

कलेक्टर ने डेंगू की बीमारी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में दवा रखते हुए वितरण शुरू करने के निर्देश आयुष विभाग को भी दिए। जावरा में विगत दिनों पकड़ी गई अवैध शराब फेक्टरी को लेकर जावरा एसडीएम को रिपोर्ट भेजने को कहा जिसमें आबकारी अधिकारी की जिम्मेदारी तय करना है।

विधायक ने सौंपा आमंत्रण पत्र

## सीएम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल का उद्घाटन करने का दिया आमंत्रण



रतलाम. विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से मंगलवार को भेंट कर रतलाम मेडिकल कालेज में अस्पताल का उदघाटन हेतु आमन्त्रित किया। विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में सीएम चौहान को सौपे पत्र में विधायक काश्यप ने आग्रह किया कि अस्पताल का उद्घाटन मुख्यमंत्री के हाथों हो।

विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम के मेडिकल कॉलेज में अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। आवश्यक मशीने और उपकरणों की आपूर्ति भी हो चुकी है। कोरोना महामारी के संकटकाल में मेडिकल कॉलेज में कोविड हॉस्पिटल के रूप में अस्थायी रूप से चालू किया गया था। महामारी के दौरान रतलाम जिले के साथ ही आसपास के जिलों धार झाबुआ अलीराजपुर, मंदसौर नीमच के अलावा उज्जैन इंदौर जिले के कई क्षेत्रों के मरीजों के इलाज में इस अस्पताल की इलाज में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विधायक काश्यप ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे अक्टूबर माह के प्रथम अथवा द्वितीय सप्ताह में इसकी शुरुआत करें।

पत्रिका 11/8/21

## मुख्यमंत्री को दिया रतलाम आने का आमंत्रण



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को आमंत्रण पत्र भेंट करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। ●नईदुनिया

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से भेंट कर उन्हें रतलाम के मेडिकल कालेज में अस्पताल का उदघाटन करने के लिए आमंत्रित किया। विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में चौहान को सौंपे आमंत्रण पत्र में काश्यप ने आग्रह किया कि आम जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि अस्पताल का उदघाटन मुख्यमंत्री के हाथों हो। विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम के मेडिकल कालेज में अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। स्टाफ की नियुक्तियां हो चुकी हैं। आवश्यक मशीनें और उपकरणों की आपूर्ति भी हो चुकी हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कोरोना महामारी के संकटकाल में मेडिकल कालेज में कोविड हास्पिटल के रूप में अस्थायी रूप से चालू किया गया था। महामारी के दौरान रतलाम जिले के साथ ही आसपास के जिलों धार झाबुआ आलीराजपुर, मंदसौर, नीमच के अलावा उज्जैन, इंदौर जिले के कई क्षेत्रों के मरीजों के इलाज में इस अस्पताल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। काश्यप ने मुख्यमंत्री से अक्टूबर माह के प्रथम अथवा द्वितीय सप्ताह में उदघाटन के लिए समय देने का अनुरोध किया।

नईदुनिया 11/8/21

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं वैक्सिनेशन कार्य की समीक्षा की

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा हैं कि प्रदेश के किसी भी जिले में कोरोना की टेस्टिंग कम न की जाए। हमें हर हालत में कोरोना की तीसरी लहर प्रदेश में आने से रोकना है। साथ ही मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग आदि सावधानियाँ अनिवार्य रूप से बरती जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत पात्र जनसंख्या का वैक्सीनेशन जल्दी से जल्दी किया जाना है। पहले डोज़ के बाद दूसरा डोज़ जरूर लगवाएँ। दूसरे डोज़ के बाद ही कोरोना संक्रमण से पूरी सुरक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वैक्सीनेशन कार्य को दोबारा गति दी जाए, बारिश के कारण व्यवधान हुआ था। वैक्सीनेशन के लिए पुनः महाअभियान भी चलाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मंत्रालय में कोरोना की स्थिति एवं वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान आदि उपस्थित थे। कोरोना के 10 नए प्रकरण- प्रदेश में कोरोना के नए 10 प्रकरण आए हैं। एक्टिव प्रकरणों की संख्या 149 है। साप्ताहिक पॉजिटिविटी 0.02व तथा आज की पॉजिटिविटी 0.01व है। नए साप्ताहिक प्रकरण 108 आए हैं, जबकि इसके पहले के सप्ताह में 106 और उसके पहले के सप्ताह में 86 नए प्रकरण आए थे। कोरोना टेस्टिंग बढ़ाएं-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 70 हजार कोरोना टेस्ट हो रहे हैं। अशोकनगर, श्योपुर, कटनी, राजगढ़, खरगोन, ग्वालियर, विदिशा, दतिया, रतलाम तथा बालाघाट जिलों में कोरोना टेस्टिंग कम है, इन जिलों में टेस्टिंग बढ़ाई जाए। दमोह, डिंडोरी, अलीराजपुर, इंदौर और देवास जिलों में लक्ष्य से अधिक टेस्टिंग किए जाने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बधाई दी।

# आज 58 केंद्रों पर 12 हजार से ज्यादा को वैक्सीन डोज

## अलकापुरी आईएमए हॉल और न्यू कलेक्टोरेट में लगेगी वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में अब ज्यादातर लोग वैक्सीन का पहला डोज लगवा चुके हैं। आलम ऐसा है कि अब सत्र होने के बावजूद लोग पहला डोज लगवाने के लिए नहीं आ रहे हैं। इधर अब दूसरे डोज पर ही फोकस कर दिया है। बुधवार को शहर में 12 हजार से ज्यादा वैक्सीन जिले में लगाई जाएगी लेकिन शहर में पहले डोज के लिए एक भी सत्र नहीं रहेगा।

**अब मतदान केंद्र वार टीके लगेंगे :** इधर अब शहर में मतदान केंद्रवार टीके लगाने की तैयारी है। गुरुवार और शनिवार को पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। अभी सुभाष नगर, पीएंडटी कॉलोनी, ईश्वर नगर, शेरानीपुरा में कुछ लोगों को वैक्सीन लगना बाकी है।

# जिले में आज 58 स्थानों पर किया जाएगा वैक्सीनेशन

**रतलाम।** जिले के कुल 58 स्थानों पर बुधवार को टीकाकरण किया जाएगा। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर के न्यू कलेक्ट्रेट केंद्र पर केवल विदेश यात्रा एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। आइएमए हाल राजेंद्र नगर पर को-वैक्सीन व कम्युनिटी हाल अलकापुरी केंद्र पर कोविशील्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा। मेडिकल कालेज केंद्र पर मेडिकल कालेज के स्टाफ का कोविशील्ड का दूसरे डो का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

- **रतलाम ग्रामीण-** ग्राम धराड़, सेवरिया, बरबोदना, सरवनी जागीर, सरवड़, ताजपुरिया, घटवास, धोलका।
- **सैलाना-** ग्राम सुंडी, कुआं झागर, बलीबायडी, कुंडा, केलदा, नारायणगढ़, दौलतपुरा और अमरगढ़।
- **पिपलौदा-** ग्राम हल्दुनी, अंगेठी, झाझरखेड़ी, बानीखेड़ी, खेड़ा



(कलालिया) ,कोटड़ा।

- **जावरा-** ग्राम खजूरिया, खिमाखेड़ी, नयनागर, बोरवानी, परवलिया, आलमपुर ठीकरिया, अर्जला, खेदाखेड़ी, सिंदूरकिया, लखमाखेड़ी।
- **बाजना-** ग्राम पंचायत बीलड़ी, नाहरपुरा, जाबड़, बालक छात्रावास क्रमांक दो रावटी, खेड़ी बजरंगगढ़, घोड़ाखेड़ा, भड़ानकलां, चंद्रगढ़, झोड़िया, कुंदनपुर।
- **आलोट-** आंबेडकर भवन आलोट, नारायणी स्कूल आलोट, आल ग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय ताल, खारवाकलां, ग्राम पंचायत लसूड़िया जंगली, लसूडिया सूरजमल, बरसी, पिपलीया मारू, देवगढ़, लंगरखेड़ी।

# अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले 523 व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया गया

रतलाम। जिले से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के वैक्सीनेशन का कार्य कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है। शहरी विकास परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक ने बताया कि 9 अगस्त तक 523 नागरिकों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों के दस्तावेजों का परीक्षण करके टीकाकरण किया जा रहा है।

# नगर की सड़कों के प्राक्कलन की समीक्षा की

विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा निगम आयुक्त व निगम इंजीनियरों के साथ आमजन की समस्याओं के निराकरण तथा मूलभूत अधोसंरचना की आवश्यकताओं की उपलब्धता के संबंध मे नगर के विभिन्न क्षेत्रों के किये गये निरीक्षण के दौरान पाई गई समस्याओं के तहत सड़क डामरीकरण, सड़क सीमेन्टीकरण, पेवर ब्लॉक, नाली, क्रॉस ड्रेन निर्माण हेतु तैयार किये गये प्राक्कलन को श्री काश्यप द्वारा अवलोकन उपरान्त प्राक्कलन में सुधार हेतु दिये गये निर्देश के तहत इंजीनियरों द्वारा वार्डवार तैयार किये गये प्राक्कलनों की निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा समीक्षा की गई। सुधार किये गये संशोधित प्राक्कलन कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम द्वारा समीक्षा किये जाने के उपरांत कल तक प्रथम चरण के अत्यावश्यक कार्यों को चिन्हित कर निविदा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

स्वदेश

स्वदेश 11/8/21

## समस्याओं को लेकर किया चक्काजाम

**रतलाम।** शहर के वार्ड क्रमांक-27 हाकिमवाड़ा स्थित जय भारत नगर, सुदामा परिसर, सूरजमल जैन नगर, एकता कालोनी, समता नगर, अरिहंत कालोनी में व्याप्त समस्याओं को लेकर रहवासियों ने कांग्रेस नेत्री यास्मीन शेरानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, सेवादल के रजनीकांत व्यास, शांतिलाल वर्मा, आजाद मोहम्मद की उपस्थिति में निगमायुक्त को ज्ञापन दिया गया। सड़क, पानी, बिजली, साफ-सफाई आदि मूलभूत सुविधाओं को लेकर रहवासियों द्वारा चक्काजाम भी किया गया। सतीश गिरी, जाकिर हुसैन, पुष्पा, नूरी खान, ललिताबाई, सत्यनारायण बैरागी उपस्थित रहे।

नईदुनिया 11/8/21

# मुख्यमंत्री को मेडिकल कॉलेज के अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रण



**रतलाम।** विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान से भेंट कर उन्हें रतलाम के मेडिकल कालेज में अस्पताल का उदघाटन करने हेतु आमंत्रित किया ।

विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष

**▶ विधायक श्री काश्यप ने विधानसभा में भेंटकर सौपा आमंत्रण पत्र**

में श्री चौहान को सौपे आमंत्रण पत्र में श्री काश्यप ने आग्रह किया कि आम जनता और भाजपा कार्य कर्ताओ की इच्छा है कि अस्पताल का उद्घाटन मुख्यमंत्रीजी के हाथों हो । विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम के मेडिकल कॉलेज में अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। स्टॉफ की नियुक्तियां हो चुकी है । आवश्यक मशीने और उपकरणों की आपूर्ति भी हो चुकी है ।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बताया कि कोरोना महामारी के संकटकाल में मेडिकल कॉलेज में कोविड हॉस्पिटल के रूप में अस्थायी रूप से चालू किया गया था। महामारी के दौरान रतलाम जिले के साथ ही आसपास के जिलों धार झाबुआ अलीराजपुर, मंदसौर नीमच के अलावा उज्जैन इंदौर जिले के कई क्षेत्रों के मरीजों के इलाज में इस अस्पताल की इलाज में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है । श्री काश्यप ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे अक्टूबर माह के प्रथम अथवा द्वितीय सप्ताह में उद्घाटन के लिये समय देने का अनुग्रह करें।

## तैयार हो गया है : काश्यप

विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम के मेडिकल कॉलेज में अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। स्टॉफ की नियुक्तियां हो चुकी है । आवश्यक मशीने और उपकरणों की आपूर्ति भी हो चुकी है ।

नवभारत 11/8/21



# विधायक काश्यप ने मुख्यमंत्री चौहान को आमंत्रित किया

**रतलाम ●** विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह जी चौहान से भेंट कर उन्हें रतलाम के मेडिकल कालेज में अस्पताल का उदघाटन करने हेतु आमंत्रित किया । उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कोरोना महामारी के संकटकाल में मेडिकल कॉलेज में कोविड हॉस्पिटल के रूप में अस्थायी रूप से चालू किया गया था। महामारी के दौरान आसपास के जिलों धार झाबुआ अलीराजपुर, मंदसौर नीमच के अलावा उज्जैन इंदौर जिले के कई क्षेत्रों के मरीजों के इलाज में इस अस्पताल की इलाज में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है । स्वदेश

स्वदेश 11/8/21

# शहर विधायक ने मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिया



**रतलाम।** विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह जी चौहान से भेंट कर उन्हें रतलाम के मेडिकल कालेज में अस्पताल का उदघाटन करने हेतु आमंत्रित किया । विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में श्री चौहान को सौपे आमंत्रण पत्र में श्री काश्यप ने आग्रह किया कि आम जनता और भाजपा कार्य कर्ताओ की इच्छा है कि अस्पताल का उद्घाटन मुख्यमंत्रीजी के हाथों हो। विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम के मेडिकल कॉलेज में अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। स्टॉफ की नियुक्तियां हो चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बताया कि कोरोना महामारी के संकटकाल में मेडिकल कॉलेज में कोविड हॉस्पिटल के रूप में अस्थायी रूप से चालू किया गया था। महामारी के दौरान रतलाम जिले के साथ ही आसपास के जिलों धार झाबुआ अलीराजपुर, मंदसौर नीमच के अलावा उज्जैन इंदौर जिले के कई क्षेत्रों के मरीजों के इलाज में इस अस्पताल की इलाज में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

राज एक्सप्रेस 11/8/21

**संवरेगा कॉलेज** • विधायक चेतन्य काश्यप ने दिया सीएम को न्योता, इधर... दूसरी लहर के कारण लेट हुआ अस्पताल का काम, तैयारी दोगुना तेजी से

# मेडिकल कॉलेज के मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल का 90 प्रतिशत काम पूरा, शुरुआत अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक

## कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर सकते हैं शिरकत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज का मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल अक्टूबर महीने के दूसरे सप्ताह से पहले ही शुरू हो जाएगा। अस्पताल की शुरुआत के लिए तैयारियां तेज हो गईं। अस्पताल के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भी आ सकते हैं। इसके लिए बुधवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने सीएम को न्योता भी दे दिया है। अस्पताल का 90% काम पूरा हो चुका है।

हमारे शहर के स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह सबसे अच्छी खबर है। मेडिकल कॉलेज की शुरुआत को 3 साल हो चुके हैं लेकिन अब तक सामान्य अस्पताल की शुरुआत नहीं हो सकी है। भवन तैयार है व बेड भी लग चुके हैं लेकिन सामान्य अस्पताल शुरू होने से पहले ही यह कोविड अस्पताल बन गया जिसने हजारों लोगों की जान बचाई। जनवरी-फरवरी में अस्पताल की शुरुआत होना थी लेकिन दूसरी लहर आ गई, इससे काम लेट हो गया। अब एक्टिव केस भी इक्का-दुक्का ही बचे हैं। ऐसे में दोबारा अस्पताल को शुरू करने की तैयारी तेज है। काम लगभग पूरा हो चुका है, अब अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में अस्पताल शुरू हो जाएगा।। फर्नीचर का काम और मशीनों का इंस्टॉलेशन जारी है, जो एक महीने में पूरा हो जाएगा।

**रोज हो रही बैठक :** इधर, अस्पताल के स्टाफ मैनेजमेंट सहित अन्य तैयारियों के लिए मेडिकल कॉलेज में विभागाध्यक्षों व अन्य स्टाफ के साथ रोज बैठक हो रही है। कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता अस्पताल की शुरुआत को लेकर सक्रिय बने हुए हैं। एक-एक तैयारियों को वे खुद देख रहे हैं। शहर विधायक भी इसका रोज अपडेट ले रहे हैं।

## फर्नीचर सहित कुछ काम मेडिकल कॉलेज में बकाया



इस भवन में मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की शुरुआत होना है।

### अब एक्टिव केस केवल एक

750 बेड का मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल बनना है

550 बेड का अभी कोविड अस्पताल बना हुआ है

2 मरीज ही कोविड अस्पताल में भर्ती हैं

1 कोविड विंग अलग हो जाएगी, अस्पताल की शुरुआत के बाद

10 से ज्यादा मॉड्यूलर ओटी रहेगी कॉलेज में

140 से ज्यादा डॉक्टर अपनी सेवाएं देते हैं

300 से ज्यादा स्टाफ नर्स कॉलेज में है

### नर्सिंग स्टाफ की समस्या दूर... सीटी स्कैन मशीन का इंतजार, ज्यादातर मशीनें आईं, इंस्टॉलेशन बाकी

- कॉलेज के अस्पताल के लिए सबसे बड़ी समस्या नर्सिंग स्टाफ की थी, जो अब दूर हो गई है।
- कॉलेज में महिला स्टाफ नर्स के 300 से ज्यादा पदों पर भर्ती हुई है। नर्सों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है।
- कॉलेज में पैरामेडिकल स्टाफ की समस्या का भी समाधान हुआ है।
- मशीनों का इंस्टॉलेशन अभी बाकी है, लेकिन कॉलेज में ज्यादातर मशीनें आ चुकी हैं।
- कोविड काल में एक्स-रे और पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का उपयोग शुरू भी हो गया है।
- सीटी स्कैन मशीन का इंतजार है, यदि सीटी स्कैन मशीन कॉलेज में लगती है तो ये बड़ी उपलब्धि होगी।

### कसर जो रह गई... दूसरी लहर के ठीक पहले शुरू होना थी ओपीडी

इससे पहले दूसरी लहर के कारण मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की शुरुआत टल गई थी। दूसरी लहर के ठीक पहले अस्पताल की ओपीडी की शुरुआत होना थी। मार्च में तय भी हो गया था कि कॉलेज में मेडिसिन के साथ ही स्किन, नेत्र रोग, नाक कान व गला के मरीज देखे जाएंगे। दवाइयों का इंतजार हो रहा था। इसी बीच कोरोना की दूसरी लहर आ गई। आलम ऐसा था कि कॉलेज में 550 बेड थे, लेकिन एक वक्त पर 600 मरीज भी कॉलेज में भर्ती रहे, उनका इलाज किया गया। बेड नहीं मिलने की नौबत भी बनी। भास्कर

### 6 जिलों के लोगों को मेडिकल कॉलेज से मिलेगा फायदा, मुख्यमंत्री को बताया - सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं



रतलाम | कॉलेज का अस्पताल पूरी तरह शुरू होने के बाद आसपास के 6 जिलों के लोगों को फायदा होगा। यह संभाग का पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज है। विधायक चेतन्य काश्यप ने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से मुलाकात की। सीएम को रतलाम के मेडिकल कालेज में अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। विधायक काश्यप ने बताया कि रतलाम के मेडिकल कॉलेज में अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। स्टॉफ की नियुक्तियां हो चुकी हैं। आवश्यक मशीनें और उपकरणों की आपूर्ति भी हो गई है। कोरोना काल में मेडिकल कॉलेज में कोविड हॉस्पिटल को अस्थायी रूप से चालू किया गया था। महामारी के दौरान रतलाम जिले के साथ ही आसपास के जिले धार, झाबुआ, आलीराजपुर, मंदसौर, नीमच के अलावा उज्जैन, इंदौर जिले के कई क्षेत्रों के मरीजों के इलाज में इस अस्पताल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। काश्यप ने अक्टूबर माह के पहले या दूसरे सप्ताह में समय देने का अनुग्रह किया।

दै. भास्कर 11/8/21

**निगम आयुक्त ने बैठक लेकर अधिकारियों को दी चेतावनी**

# पीएम आवास योजना में पात्र को दो दिन में भुगतान करना होगा

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



**रतलाम.** नगर निगम सीमा में प्रधानमंत्री आवास योजना में बीएलसी घटक के हितग्राहियों को दो दिन में अनिवार्य रुप से भुगतान करना होगा। इस बात की चेतावनी नगर निगम आयुक्त सोमनाथझारिया ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में दी है। बीएलसी घटक के पात्र 68 हितग्राहियों का 2 दिवस में भुगतान करने को कहा गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाये जाने के संबंध में निगम आयुक्त झारिया ने निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के ऐसे 68 पात्र हितग्राही जिनका जियो टेगिंग पूर्ण हो चुका है तथा उन्हे प्रथम किश्त का भुगतान किया जाना है कि फाईले मंगलवार तक प्रस्तुत करना होगी। जिससे बुधवार तक हितग्राहियों को भुगतान किया जा सकें। इस दौरान कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों का जियो ट्रैकिंग 5 दिन में पूर्ण करें। इसके लिए 15 कर्मचारियों की टीम लगाई जाए।

## 1200 की सूची तैयार

आयोजित बैठक में बताया गया की डीपीआर 4 के अतिरिक्त 1200 हितग्राही जिनके समय-समय पर आवेदन प्राप्त हुए है उनकी सूची तैयार कर ली गई है। निगम आयुक्त झारिया ने कहा कि 3 दिवस के अन्दर हितग्राहियों का ऐजिस टीम के हेड सलीम खान, सचिन आनन्द व नगर निगम के इंजीनियर जियों टेगिंग का कार्य पूर्ण करें व सर्वेक्षित हितग्रहियों के दस्तावेजीकरण हेतु दस्तावेज एकत्रित करें। पत्रिका

पत्रिका 11/8/21

# बीएलसी घटक के पात्र 68 हितग्राहियों का 2 दिवस में भुगतान करने के दिये निर्देश

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाये जाने के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के ऐसे 68 पात्र हितग्राही जिनका जियो ट्रेकिंग पूर्ण हो चुका है तथा उन्हे प्रथम किश्त का भुगतान किया जाना है कि फाईले कल तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि परसों तक हितग्राहियों को भुगतान किया जा सकें। उन्होने निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों का जियो ट्रेकिंग 5 दिवस में पूर्ण करें इस हेतु 15 कर्मचारियों की टीम लगाई जाये।

स्वदेश

स्वदेश 11/8/21

# सात करोड़ से सुधरेंगी शहर की सड़कें

## पहला चरण ● 22 स्थानों पर डामरीकरण और मरम्मत के टेंडर तैयार

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर की खराब सड़कों की मरम्मत, डामरीकरण के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप के निरीक्षण के बाद नगर निगम ने पहले चरण में 22 स्थानों को चिह्नित कर निर्माण के लिए टेंडर तैयार किए हैं। इन स्थानों पर सड़कों का डामरीकरण, सीमेंटीकरण सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

मालूम हो कि सीवरेज प्रोजेक्ट, पेयजल पाइपलाइन डालने के लिए शहर में की गई खोदाई के बाद सड़कों की हालत बेहद खराब हो गई है। सीवरेज का काम कर रही कंपनी को रिस्टोरेशन काम जैसा है वैसे की तर्ज पर करना था, लेकिन कई जगह लाइन डालने के बाद भराव में लापरवाही से सड़क बैठने लगी है। रतलाम विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने सीवरेज लाइन डालने के बाद वापस सीमेंटीकरण किया गया, लेकिन यहां भी एक हिस्से में सड़क धंस गई है। इस वजह से अब नगर निगम के माध्यम से मरम्मत कराई जाएगी। इसमें कुल 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

विधायक काश्यप द्वारा आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ किए गए निरीक्षण के दौरान पाई गई समस्याओं को लेकर विधायक के निर्देशों के बाद अत्यावश्यक कार्यों के लिए प्रथम चरण में 22 स्थानों पर सड़क डामरीकरण, सड़क सीमेंटीकरण, पेवर ब्लाक, नाली, क्रास ड्रेन निर्माण की निविदा तैयार की गई।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि निगम के इंजीनियरों द्वारा वार्डवार तैयार प्राक्कलनों में से अत्यावश्यक कार्यों को चिह्नित कर प्रथम चरण में 6 करोड़ 91 लाख 50 लाख रुपये लागत की निविदा तैयार की गई है जिसे शीघ्र जारी किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया सितंबर माह तक पूरी होने और अक्टूबर में निर्माण व मरम्मत कार्य शुरू होने की संभावना है।

### ऊंकाला रोड के लिए मंदिर की जमीन लेने पर समाज की आपत्ति

ऊंकाला रोड फोरलेन निर्माण कार्य में श्रीराम मंदिर कसारा उकाला ट्रस्ट की सर्वे नंबर 991 व 1029 की भूमि पर 250 फीट लंबाई में जमीन लेने के लिए मंदिर परिसर की बाउंड्रीवाल तोड़ने पर समाज की ओर से आपत्ति जताई गई है। कलेक्टर को ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम कसेरा द्वारा पत्र के माध्यम से बताया गया कि 28 जुलाई को अवैध रूप से बगैर सूचना के मंदिर परिसर में पटवारी व अन्य द्वारा बाउंड्रीवाल तोड़ दी गई। यहां फोरलेन प्रस्तावित की गई जबकि मंदिर के आगे की भूमि पर टू-लेन है। इस प्रस्ताव को निरस्त किया जाना चाहिए।



रतलाम के अतिव्यस्ततम दो बत्ती चौराहा की गड्ढेदार सड़क। ●नईदुनिया

### प्राक्कलन में देरी पर दो उपयंत्री का वेतन काटा

शहर की विभिन्न सड़कों की मरम्मत के प्राक्कलन तैयार कर अतिशीघ्र प्रस्तुत करने के लिए आयुक्त ने उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा व अनवर कुरैशी को निर्देशित किया था। इसके बाद भी समय पर प्राक्कलन प्रस्तुत नहीं करने व मोबाइल पर बंद रखने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार दोनों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घंटे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा कृषि उपज मंडी क्षेत्र में कचरे के ढेर व गंदगी पर वार्ड प्रभारी देवेंद्र राजावत का भी एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने का सूचना पत्र जारी किया गया।

### वेल्डर भूपेंद्रसिंह चौहान निलंबित

बिना अवकाश लिए नगर निगम से अनुपस्थित रहने व मोबाइल बंद रखने पर निगम आयुक्त ने नगर निगम कर्मशाला विभाग के वेल्डर भूपेंद्रसिंह चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

नईदुनिया 11/8/21